प्रेस नोट **दिनांक 24.03.2021**

सराहनीय कार्य जनपद बागपत

नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 गांजा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 55 किलोग्राम गांजा (कीमत करीब 9.5 लाख रूपये) एवं तस्करी मे प्रयुक्त एक सैन्ट्रो कार बरामद।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बागपत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व क्षेत्राधिकारी बडौत के नेतृत्व में नशीले पदार्थो की तस्करी करने वाले तस्करों के विरूद्व चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना बडौत पुलिस द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान चौकी औधोगिक क्षेत्र से नहर पटरी छपरौली रोड से नशीले पदार्थो के तस्कर **1–नासिर पुत्र सिजाउल्ला निवासी हुसैनपुर कलां थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर 2–गुलाब सिंह पुत्र नेपाल सिंह निवासी मौ0 शिव मन्दिर के पास मीरपुर थाना रोहटा जनपद मेरठ** को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से **55 किलोग्राम गांजा (कीमत करीब 9.5 लाख रूपये) एवं तस्करी मे प्रयुक्त एक सैन्ट्रो कार नम्बर–एचआर–26एके–5725** बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्व थाना बडौत पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता :–**</u>

1–नासिर पुत्र सिजाउल्ला निवासी हुसैनपुर कलां थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

2–गुलाब सिंह पुत्र नेपाल सिंह निवासी शिव मन्दिर के पास मीरपुर थाना रोहटा जनपद मेरठ।

<u>**बरामदगी का विवरण :–**</u>

1–55 किलोग्राम गांजा (कीमत करीब 9.5 लाख रूपये)

2–तस्करी मे प्रयुक्त एक सैन्ट्रो कार नम्बर–एचआर–26एके–5725

थाना बडौत पुलिस द्वारा 21 वर्षीय युवम की हत्या में नामित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस बरामद।

थाना बडौत पुलिस द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को मुखबिर की सूचना पर शिकोहपुर टयोढी मार्ग प्राप्त साक्ष्यो के अधार पर हत्या की घटना में नामित से अभियुक्त **1–सुबोध पुत्र महकसिंह 2–रणधीर पुत्र शिवनारायण निवासी ग्राम शिकोहपुर थाना बडौत जनपद बागपत को** गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से **घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस** बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्व थाना बडौत पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तो ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 31.01.2021 को सत्यम पुत्र पंकज उर्फ बोबी निवासी ग्राम शिकोहपुर थाना बडौत की

गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके सम्बन्ध में मृतक के पिता पंकज उर्फ बोबी पुत्र रामपाल निवासी ग्राम शिकोहपुर थाना बडौत की तहरीर के आधार पर थाना बडौत पर मु0अ0स0 78/2021 धारा 302,307,452,504,506,34 भादवि बनाम **1–सुबोध पुत्र महकसिंह 2–रणधीर पुत्र शिवनारायण 3–सुबोध पुत्र महकसिंह निवासी ग्राम शिकोहपुर थाना बडौत जनपद बागपत** पंजीकृत किया गया था।

अवैध शराब की तस्करी करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक वैगनार कार मय 06 पेटी देशी शराब व 10 लीटर कच्ची शराब बरामद।

थाना बागपत पुलिस–द्वारा दिनांक 23.03.2021 को चौकी निवाडा से अभियुक्त 1–सोनू पुत्र संजय 2–दीपक पुत्र जगमेन्द्र निवासी ग्राम जाजल थाना राई सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक वैगनार कार नम्बर डीएल–9सीके–2098 मय 05 पेटी देशी शराब व एक तमंचा 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया है। अभियुक्त के विरूद्व थाना बागपत पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना छपरौली पुलिस–द्वारा दिनांक 23.03.2021 को कस्बा छपरौली से अभियुक्त 1–शुभम पुत्र संजीव निवासी ग्राम कुर्डी थाना छपरौली 2–अरविन्द पुत्र सोहनवीर निवासी पटटी चौधरान कस्बा व थाना छपरौली जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 45 पव्वा देशी शराब व 10 लीटर कच्ची शराब नाजायज बरामद की गई है। अभियुक्तों के विरूद्व थाना छपरौली पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अवैध मिटटी खनन करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक जेसीबी मशीन, एक डम्फर गाडी व 02 चाकू नाजायज बरामद।

थाना बागपत पुलिस–द्वारा दिनांक 23.03.2021 को जंगल ग्राम लधवाडी से अवैध मिटटी खनन करने वाले अभियुक्त 1–विकास पुत्र देवीसिंह निवासी ग्राम नौगांवा मिर्जापुर जनपद सहारनपुर 2–भूरा पुत्र इसरार निवासी ग्राम निवाडा थाना बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से **एक जेसीबी मशीन, एक डम्फर गाडी व 02 चाकू नाजायज** बरामद किये गये है। अभियुक्तों के दो अन्य साथी पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए मौके से फरार हो गये। जिनकी गिरफ्तारी हेतू प्रयास जारी है। अभियुक्तों के विरूद्व थाना बागपत पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

शस्त्र अधिनियम के अर्न्तगत 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 चाकू नाजायज बरामद।

थाना बागपत पुलिस–द्वारा दिनांक 23.03.2021 को ग्राम निरोजपुर से अभियुक्त अनुज पुत्र कृष्णपाल कस्बा व थाना बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 चाकू नाजायज बरामद किये गये है। अभियुक्त के विरूद्व थाना बागपत पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के दौरान 13 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार।